श्रीराम कथा | अवधपुरी गौरीघाट में चल रही श्रीरामकथा का दूसरा दिन

# सबको तारती है 'श्रीराम नाम की गंगा' : रामभद्राचार्य





**नवभारत,जबलपुर।** श्रीराम नाम की गंगा वह पावन सत्य धारा है, जिसमें स्नान करने से जीव का सहज ही तारण होता है। जिसने भी रामनाम की पावनी गंगा में डुबकी लगाई, उसका कल्याण हो गया। इस गंगा में डुबकी लगाने वाले ब्रम्हा-विष्णु-महेश, माता सरस्वती भी हैं। अत: बिना किसी विचार के राम नाम का अनुशरण करना चाहिए। इस आशय के उद्गार तुलसी पीठाधीश्वर, पद्म विभूषण, जगदगुरु, रामानंदाचार्य श्री रामभद्राचार जी महाराज ने अवधपुरी ग्वारीघाट में चल रही नवाह श्रीरामकथा के द्वितीय दिवस अपने मंगल प्रवचन में व्यक्त किए। समरसता सेवा संगठन के आयोजनत्व में हो रही पावन रामकथा में उपस्थित श्रोताओं के समक्ष महाराज श्री ने राम नाम और उसकी महिमा की मानस और वेदांत आधारित व्याख्या की। उन्होंने कहा कि इस जगत में कम से कम 9 अमंगल हैं, श्रीराम नाम इन सबसे पार लगाने वाली शक्ति है। उन्होंने 'सबको तारती है राम नाम की गंगा' भजन सुना सबको मंत्र मुग्ध कर कहा कि ब्रम्हा, विष्णु, महेश, सरस्वती, तुलसी, कबीर सबने राम नाम की गंगा में डुबकी लगाई है। त्रेता में अलग-अलग रूप में जन्म लेकर देवताओं ने रामजी की सेवा की।

### आत्मा को पवित्र कर रही कथा : रामचंद्र दास

तुलसी पीठ के रामचंद्रदास शास्त्री ने गिरदावली के पूर्व कहा कि यहां हो रही कथा भक्तों के तन-मन, चित्त-चेतना और आत्मा को निर्मल कर रही है। ऐसा नर्मदा तट जहां हमारे मनीषियों ने जीवन का सार अर्जित किया, वहां महारजश्री की श्रीरामकथा होना बहुत महत्वपूर्ण है।

### दुर्गावती रानी महारानी है हमारी

कथा पूर्व वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित नाटिका का भावपूर्ण विवेचन किया गया। नाट्य लोग संस्था की प्रस्तुति में नर्रई नाला, मदन महल का भी वर्णन था। बुंदेली लोकशैली के गायन भरी प्रस्तुतिने सबका मन मोह लिया। आसपास के स्थलों की चर्चा से रानी का जीवन दर्शकों के मन मष्तिष्क में सजीव हो उठा। रानी के स्वयं को कटार भौंक लेने वाला दृष्य बहुत भावुक करने वाला था।

### मंत्री राकेश सिंह ने किया पादुका पूजन

महाराजश्री के व्यास पीठ पर आसीन होने के बाद प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य यजमान डॉ. प्रकाश धीरावाणी, सुदर्शन जगदीश चोहटेल, डॉ अमीरचंद सोनकर, डॉ जितेन्द्र जामदार, समरसता सेवा संगठन अध्यक्ष संदीप जैन, दीपक महरौलिया आदि ने पादुका पूजन किया गया। चित्रकूट पीठ के रामचंद्रदास महाराज ने पादुका पूजन का विधान संपन्न कराया। महाराजश्री का स्वागत राघवदेवाचार्य, कालिकानंद जी ने भी स्वागत किया। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल, जज रामनरेश पटेल, डॉ कैलाश गुप्ता, गिरिराज चाचा, मेवालाल छिरोलिया, जगजीत सिंह पप्पू सहित भक्त जनो ने जगदगुरु का आशीर्वाद लेते हुए कथा श्रवण की।

### नमो राघवाय की संगीतमय प्रस्तुति

महाराजश्री के आगमन पर नमो राघवाय..नमो राघवाय..मेरे गुरुवर सरकार प्यारे जगत गुरु सरकार-ऊंची है महिमा पावन है द्वार की प्रस्तुति सबके कानों में शहर घोल गई। करो दंडवत स्वीकार सुनो सबकी पुकार ऊंची है महिमा पावन है द्वार की प्रस्तुति ने माहौल भावपूर्ण कर लिया। महाराज श्री के व्यास पीठ पर आसीन होने पर नगर पंडित सभा के विद्वान रोहित तिवारी सहित अन्य आचार्यों ने स्वस्ति वाचन का माहौल धर्ममय कर दिया।



# प्रवेश प्रक्रिया पारदर्शी, सरल व समयबद्ध हो : कुलगुरु

▶ सत्र 2026-27 की प्रवेश रूपरेखा तय करने विश्वविद्यालय प्रवेश समिति की बैठक आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर में सोमवार को विश्वविद्यालय शिक्षा विभागों में सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया को लेकर प्रवेश समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने की। बैठक में कुलगुरु प्रो. वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी सत्र की प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, सरल और समयबद्ध होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पिछले सत्र 2025-26 में प्रवेश संख्या में 92 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी और इस बार लक्ष्य इसे दोगुना करने का है। इसके लिए सभी विभागों को समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए गए। बैठक की शुरुआत में नवागत कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल का स्वागत किया गया। प्रवेश समिति समन्वयक प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने विभागों में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश बढ़ाने के लिए रणनीति बनाने पर जोर दिया।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में प्रो. अलका नायक, प्रो. एस.एस. संधू, प्रो. धीरेन्द्र पाठक, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. विनय तिवारी सहित अन्य सदस्यों ने नवीन पाठ्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, सेंट्रलाइज फीस और ऑनलाइन प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. तरुणा राठौर, डॉ. जया सिंह, डॉ. प्रदीप विश्वकर्मा, डॉ. अर्पण शुक्ला एवं डॉ. हरीश यादव सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य किया जाएगा और छात्र एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कहीं से भी आवेदन व शुल्क जमा कर सकेंगे। साथ ही, प्रवेश से संबंधित सभी तिथियों और सूचनाओं को समय-समय पर पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए गए। परीक्षा नियंत्रक डॉ. एस.के. दुबे ने बताया कि अब छात्र अपनी पसंद के विषय संयोजन के साथ प्रवेश ले सकेंगे, जिससे उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## एक नजर में

### भगवान परशुराम जयंती पर 19 को निकलेगी शोभायात्रा



**नवभारत, जबलपुर।** गोसलपुर सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण बैठक रामसागर तालाब स्थित राधा कृष्ण कुटी मंदिर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महेश तिवारी ने की, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 19 अप्रैल 2026 को सभी विप्र बंधु राधा-कृष्ण सुदामा कुटी में एकत्रित होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के वैदिक मंत्रों के साथ पूजन-अर्चन से होगी, जिसके पश्चात नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न देवी-देवताओं के पूजन के साथ महाआरती कर समापन किया जाएगा। इस अवसर पर विशाल कन्या भोजन एवं भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में एन.के. शुक्ला, राम निरंजन दुबे, लक्ष्मण पालीवाल, मोहित तिवारी, रमेश चंद्र शुक्ला, रमन मिश्रा, भुवनेश तिवारी, इंद्र कुमार उपाध्याय, स्वेतांक पालीवाल, कुलदीप अवस्थी, अतुल अवस्थी, मोंटी दुबे, प्रमोद शुक्ला, रमेश व्यास और रोहिणी प्रसाद दुबे सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।



### तक्षशिला इंस्टीट्यूट में छात्रों के लिए ओपन कैम्पस आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** तक्षशिला इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी में सुजुकी मोटर्स इंडिया प्रा. लि. द्वारा डिप्लोमा इंजीनियरिंग (मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल) छात्रों के लिए ओपन कैम्पस आयोजित किया गया।आयोजित लिखित परीक्षा में लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया। परीक्षा उत्तीर्ण 19 छात्रों का सफलतापूर्वक साक्षात्कार लिया गया और उन्हें कंपनी में टेक्नीकल ट्रेनी के रूप में नियुक्त किया गया। ट्रेनी को कंपनी की ओर से पीएफ, मेडिकल, रहने और मैस की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर कंपनी के एच.आर. योगेश भट्ट और रमेश कुमार ने चयनित छात्रों को बधाई दी। संस्था के चेयरमेन आर.एन. पहारिया, सचिव शरद गुप्ता, संयुक्त सचिव शरद जैन, प्राचार्य डॉ. बी.के. साहू, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आई.के. खन्ना सहित सभी विभागाध्यक्ष और फैकल्टी ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कैम्पस को सफल बनाने में टी.पी.ओ. डॉ. नितिन गौर, प्रो. गुरबानी कौर पदम, प्रो. पलक पैगवार, अनीता गुप्ता और रत्नेश्व सिंह का विशेष योगदान रहा।



### बीएलओ को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

**नवभारत,जबलपुर।** मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने पर मतदान केन्द्र कठौदा के बूथ लेवल अधिकारी पंकज मणि झारिया को पीहर और हांडी राजपूतानी महिला क्लब द्वारा गत 5 अप्रैल को मानस भवन में मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के द्वारा क्लब के सदस्यों की बड़ी संख्या में उपस्थिति दौरान सम्मानित किया गया।

### मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन आज

**नवभारत, जबलपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्पेशल ओलंपिक भारत मध्य प्रदेश द्वारा दिव्यांग खिलाड़ियों और छात्र-छात्राओं हेतु विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज 7 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे न्यू एकेडमिक ब्लॉक नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है। इस मेगा हेल्थ शिविर में नेत्र विशेषज्ञ ,डेंटल विशेषज्ञ ,ऑर्थोपेडिक, फिजियोथैरेपिस्ट एवं डाइट एवं न्यूट्रिशन विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। एरिया डायरेक्टर दीपांकर बनर्जी ने विशेष विद्यालयों एवं संस्था से उपस्थिति की अपील की है।

# जनेकृविवि में कल होगा कृषि मंथन कार्यक्रम

▶ सीएम डॉ मोहन यादव विवि के प्रशासनिक भवन का करेंगे लोकार्पण




**नवभारत, जबलपुर।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत 8 अप्रैल को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय कृषि मंथन कार्यशाला आयोजित होगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे। उनके साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कषाना, लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह और पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा करेंगे। मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का पूजन एवं लोकार्पण करेंगे, साथ ही 16.37 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अन्य भवनों का ऑनलाइन उद्घाटन भी करेंगे। इसके अतिरिक्त 10 स्टार्टअप को 108 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की जाएगी तथा कृषि सखियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों के लिए तकनीक, कौशल और बाजार संबंधी जानकारी का एकीकरण करना है। कार्यक्रम में 4 तकनीकी सत्र आयोजित होंगे और कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी एवं अभियांत्रिकी से जुड़ी उन्नत तकनीकों की प्रदर्शनी भी लगेगी। इसमें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ प्रगतिशील किसान, स्टार्टअप, शोधार्थी और उद्यमी भाग लेंगे।

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आगमन कल



**नवभारत, जबलपुर।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास तथा संस्कृति कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का कल बुधवार 8 अप्रैल को सतना से कार द्वारा रात 8 बजे जबलपुर आगमन होगा। श्री विजयवर्गीय यहां स्?थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रात 11.30 बजे जबलपुर-इंदौर एक्सप्रेस द्वारा इंदौर प्रस्?थान करेंगे।

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर बच्चों का सम्मान

शासनोदय विद्या ग्रुप पाठशाला में वार्षिक पुरस्कार वितरण



**नवभारत, जबलपुर।** मंदिर हनुमानताल स्थित जैन बड़ा मंदिर में महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर शासनोदय विद्या ग्रुप पाठशाला द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सहित कुल 50 बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत सभा अध्यक्ष कैलाश जैन एवं मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार जैन रहे। मम्मा बाल ब्रह्मचारी विभूति दीदी जी द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंगलाचरण कुमारी अनन्या, कुमारी मौली जैन ने प्रस्तुत किया।

मंच संचालन नीलम जड़ी-बूटी एवं सुयश द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नमिता जैन, सोनम जैन, आर्यन जैन तथा मनु जैन का विशेष सहयोग रहा। पाठशाला में बच्चों को समय-समय पर प्रतियोगिताओं के माध्यम से लौकिक एवं धार्मिक ज्ञान प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी और उनके चेहरे की मुस्कान ने समारोह को यादगार बना दिया।

## दीनदयाल नगर में हुई सामाजिक सद्भाव बैठक

**नवभारत, जबलपुर।** दीनदयाल नगर की सद्भावना समिति के तत्वावधान में लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय, त्रिमूर्ति नगर में 'सामाजिक सद्भाव बैठक' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे और समरसता, एकात्मता तथा आपसी सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का संचालन आलोक अग्निहोत्री ने किया, जबकि अतिथियों का स्वागत अतुल श्रीवास्तव, पवन गुप्ता एवं दुलीचंद कोष्टा ने तिलक, श्रीफल और श्रीराम नाम पटका भेंट कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट मुकेश कुमार सेन ने युवाओं में बढ़ते नशे और मानसिक समस्याओं पर चिंता जताते हुए भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता बताई। मुख्य वक्ता भीष्म सिंह राजपूत ने 'पंच-परिवर्तन' के माध्यम से समाज निर्माण में सभी वर्गों की भागीदारी पर जोर दिया। कन्हैया लाल गुप्ता ने संगठनात्मक एकता पर बल दिया, वहीं कवयित्री संध्या जैन ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए सामाजिक सौहार्द बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम में मनीष द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत ने वातावरण को प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम में ज्ञानार्जन पांडेय, उपेन्द्र शर्मा, डॉ. मुकेश पाण्डेय, आर्यन पाण्डेय, रोहिणी विश्वकर्मा, संजय उपाध्याय, प्रताप प्रजापति, गजेंद्र कोष्टि, डेनी बुंदेला, विमल नामदेव, मुकेश कोष्टा, संजीव उपाध्याय, संतोष पटेल, राकेश यादव, छत्रपाल शुक्ला, जगदीश सोनी सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थितजनों ने सामाजिक सौहार्द और एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।




### पुरुषोत्तम सराफ बने गोल्ड स्मिथ ट्रेडर्स के सचिव

**जबलपुर, नवभारत।** आल इंडिया गोल्डस्मिथ ट्रेडर्स चैंबर ऑफ कॉमर्स के रजिस्टर्ड आफिस नागपुर महाराष्ट्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सोनी 'मारूति' द्वारा सर्व सम्मति से जबलपुर म.प्र. के पुरुषोत्तम सराफ को गोल्ड स्मिथ ट्रेडर्स चैंबर ऑफ कॉमर्स का राष्ट्रीय संगठन सचिव घोषित किया गया है।

## जबलपुर के डॉ. मयूर जैन को ब्रिटिश संसद में सम्मान, ऑक्सफोर्ड से आमंत्रण

▶ लंदन में आयोजित होलिस्टिक मेडिसिन सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे



**नवभारत, जबलपुर।** शहर के प्रसिद्ध होम्योपैथिक एवं सुजोक चिकित्सक डॉ. मयूर जैन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और सम्मानित अवसर प्राप्त हुआ है। जर्मनी और दुबई के बाद अब ब्रिटिश संसद में मिलने वाला यह उनका तीसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मान होगा। उन्हें ब्रिटेन की संसद (ब्रिटिश पार्लियामेंट) और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से जुड़े प्रतिष्ठित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 10 अप्रैल 2026 को लंदन में ब्रिटिश संसद परिसर में आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न देशों के चिकित्सा विशेषज्ञ, शोधकर्ता और स्वास्थ्य नीति से जुड़े प्रतिनिधि शामिल होंगे। डॉ. मयूर जैन को यह निमंत्रण मर्टन कॉलेज, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की वरिष्ठ अकादमिक डॉ. निकिता वेद की ओर से भेजा गया है। होम्योपैथी और समग्र चिकित्सा के क्षेत्र में उनके कार्य और समाज के प्रति योगदान को देखते हुए उन्हें इस वैश्विक मंच पर आमंत्रित किया गया है।

### ब्रिटिश सांसद रहेंगी मौजूद

सम्मेलन के दौरान डॉ. जैन ब्रिटिश सांसद शिवानी राजा, बैरोनेस वर्मा तथा लॉर्ड रवल सहित अंतरराष्ट्रीय नीति-निर्माताओं और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ विचार साझा करेंगे। यह आयोजन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी सचिवालय और इंडिया ऑल-पार्टी पार्लियामेंट्री ग्रुप के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। डॉ. मयूर जैन ने कहा कि इस मंच पर आमंत्रण मिलना न केवल उनके लिए बल्कि जबलपुर और पूरे मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि वे इस अवसर पर भारतीय चिकित्सा ज्ञान परंपरा और समग्र स्वास्थ्य पद्धतियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करेंगे। इस उपलब्धि से जबलपुर के चिकित्सा जगत में उत्साह का माहौल है और इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

काउंसिलिंग | स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत कैरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित

# विद्यार्थी अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुसार कैरियर का करें चयन





**नवभारत, जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय जबलपुर द्वारा महाविद्यालय के हिंदी स्नातकोत्तर कक्षा के विद्यार्थियों हेतु 'करियर काउंसलिंग सत्र' का आयोजन किया गया। जिसमें प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय समन्वयक, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये वर्तमान समय में उपलब्ध विभिन्न करियर संभावनाओं, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उच्च शिक्षा एवं शोध के अवसरों की जानकारी प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुसार सही करियर का चयन करने की प्रेरणा दी एवं डिजिटल युग में नई तकनीकों के महत्व एवं स्किल डेवलपमेंट की आवश्यकता के बारे में विस्तुत जानकारी दी। इस अवसर पर लल्लाबाई लोधी, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत, हरीश झारिया, सुषमा मौर्य, रंजना ब्रम्हवंशी के साथ स्नातकोत्तर कक्षा के लगभग 64 विद्यार्थी उपस्थित रहें।

### परीक्षा की तैयारी के लिए दिए टिप्स

डॉ. तृप्ति उकास द्वारा विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा की तैयारी के लिए टिप्स प्रदान किये गये। जिसमें उन्होनें बताया कि विद्यार्थी परीक्षा हेतु सही योजना बनाये, समय प्रबंधन, नोट्स एवं पुनरावृत्ति के साथ आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच रखे। जिससे निश्चय ही परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी। सफलता अनुशासन और आत्मविश्वास से मिलती है। यदि विद्यार्थी नियमित रुप से अध्ययन करें और सकारात्मक सोच बनाए रखे तो सफलता निश्चित मिलेगी।



## महाकवि माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर काव्य गोष्ठी आयोजित

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेल मंडल के बागरातवा रेलवे स्टेशन में मंडल के राजभाषा विभाग के तत्वावधान में महाकवि माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया इस दौरान मंडल के राजभाषा अधिकारी संदीप शर्मा, स्टेशन प्रबंधक नीलेश राय, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ) महेंद्र गढ़वाल, सहित विभिन्न रेल कार्यालयों से पधारे कर्मचारियों व स्थानीय साहित्यकारों व बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे। इस अवसर पर 10 कवियों ने अपनी-अपनी प्रतिनिधि कविताओं, ग़ज़लों व हास्य व्यंग्य रचनाओं का वाचन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजभाषा अधिकारी संदीप शर्मा व विशिष्ट अतिथि के रूप में बीकेश सिंह राजपूत, (प्राचार्य), बागरातवा विद्यालय तथा सम्माननीय अतिथि महेंद्र गढ़वाल उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता, स्टेशन प्रबंधक नीलेश राय द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन ब्रजेश त्रिवेदी व राजभाषा विभाग के किशोर कुमार साहू द्वारा किया गया। श्रोताओं के रूप में रेल कर्मचारी गण, स्थानीय शिक्षक गण व अन्य उदीयमान कवि व लेखक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।